भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3794
दिनांक 21.12.2021/ 30 अग्रहायण, 1943 (शक) को उत्तर के लिए

एनसीबी में कार्मिकों की कमी

†3794. श्री रवनीत सिंहः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) में कर्मिकों की भारी कमी से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कर्मचारियों की कमी के कारण मामलों के त्वरित निपटान पर क्या प्रतिकूल प्रभाव पड़े हैं;

(ग) क्या एनसीबी में अतिरिक्त पद सृजित करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) एनसीबी कर्मिकों की तकनीकी क्षमता में सुधार करने और उन्हें नवीनतम निगरानी और जांच तकनीकों से परिचित कराने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय, यदि कोई हो तो, किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) देश में एक प्रमुख "मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसी" है, जिसे "स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीसी) अधिनियम" का प्रवर्तन करने, आसूचना एकत्र करने और विभिन्न मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने का अधिदेश दिया गया है। वर्तमान में, एनसीबी का मुख्यालय दिल्ली में है तथा पूरे देश में इसके 13 जोनल कार्यालय और 12 सब-जोनल कार्यालय हैं। अधिकारियों/स्टाफ को विभिन्न फील्ड फार्मेशनों पर आवश्यकता के अनुसार तैनात किया जाता है। किसी भी सरकारी संगठन के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता का आकलन करना एक सतत प्रक्रिया है और यह आकलन समय-समय पर किया जाता है। एनसीबी यह सुनिश्चित करने के सभी आवश्यक उपाय कर रहा है कि सभी मामलों का समय पर निपटान हो जाए।

लोक सभा अता. प्र.सं.3794, दिनांक 21.12.2021

(घ): एनसीबी कार्मिकों की तकनीकी क्षमता को सुधारने तथा उन्हें निगरानी एवं जांच की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने के लिए क्रिप्टो करेंसी, डार्क-नेट, डिजिटल निगरानी, साइबर अपराध सूचना, साइबर अपराध फारेंसिक्स और डिजिटल फारेंसिक्स पर इन-हाउस प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीबी के कर्मियों को अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं जैसेकि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो अकादमी, सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग स्कूल, केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, राष्ट्रीय फारेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय और मादक पदार्थों एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय आदि द्वारा आयोजित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए भी नामित किया जा रहा है।

(ङ): पिछले 03 वर्षों के दौरान, आयोजित किए गए प्रशिक्षण का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	**2019**	**2020**	**2021 (30 नवम्बर तक)**
आयोजित किए गए प्रशिक्षण पाठ्क्रमों की संख्या	24	20	24
प्रशिक्षित किए गए कर्मियों की संख्या	85	149	197

*****